## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ



**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय अवस्थी के निर्देशन एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढार के नेतृत्व में मंडलम कांग्रेस धनपुरी द्वारा शनिवार को संविधान की रक्षा एवं वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ धनपुरी नगर के वार्ड क्रमांक 22 से किया गया। अभियान के शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका धनपुरी के पूर्व अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री मुबारक मास्टर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद मोहन जयसवाल, राम सिंह, मो. कलाम एडवोकेट, अनिल जयसवाल, जुल्फकार अली एडवोकेट, गणेश कुशवाहा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव शर्मा, मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष मो. साबिर, विमल सिंह, सिफतैंन खान (शालू), वसीम खान (सोमू) तथा मीडिया प्रभारी अमित सिंह बघेल की उपस्थिति में यह अभियान शुरू किया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी बढ़-चढकर भागीदारी निभाई, जिससे अभियान को जन समर्थन का स्वरूप मिला। मौके पर मौजूद कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान केवल राजनीतिक कदम नहीं, बल्कि संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और जन अधिकारों की रक्षा का आंदोलन है। पूर्व अध्यक्ष मुबारक मास्टर ने अपने संबोधन में कहा कि देश में आज लोकतंत्र खतरे में है, संविधान पर लगातार हमले हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इस अन्यायपूर्ण व्यवस्था और जनादेश की चोरी के खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष कर रही है। वहीं, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि यह अभियान प्रत्येक बूथ स्तर तक चलाया जाएगा, ताकि हर नागरिक संविधान की रक्षा के संकल्प में शामिल हो सके। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की वर्तमान सरकार ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया है और जनता के मताधिकार का अपमान किया है। इसलिए कांग्रेस पार्टी वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे के साथ जनजागरण अभियान चला रही है। हस्ताक्षर अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर नागरिकों से संविधान की रक्षा के समर्थन में हस्ताक्षर करवा रहे हैं। यह अभियान आगामी दिनों में बुढार ब्लॉक के सभी मंडलम और बूथ स्तर तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे संविधान, लोकतंत्र और जनता की आवाज को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

### चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है



**शहडोल।** संभाग के कोतमा से मैहर तक निकली माँ शैलपुत्री भक्ति मंडल की पद रथ यात्रा शनिवार को शहडोल पहुंची, जहां नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धा और भक्ति के साथ यात्रियों का भव्य स्वागत किया। यह धार्मिक यात्रा 2 अक्टूबर 2025 को कोतमा बस स्टैंड परिसर से प्रारंभ हुई थी और 4 अक्टूबर को शहडोल पहुंची। यात्रा में लगभग पांच हजार भक्तों की भागीदारी रही, जबकि आयोजकों के अनुसार मैहर धाम पहुंचते-पहुंचते करीब बीस हजार श्रद्धालु इस यात्रा से जुड़ जाएंगे। इस भव्य पद रथ यात्रा के दौरान जगह-जगह भक्तों द्वारा काली नृत्य का प्रदर्शन, माता की सुंदर झांकियों की प्रस्तुति और चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है जैसे जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा में शामिल श्रद्धालु पैदल चलते हुए माता शैलपुत्री की स्तुति करते रहे। शहडोल पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों और भक्तों ने पुष्पवर्षा, मिठाई एवं फल वितरण कर यात्रियों का अभिनंदन किया। पूरा शहर देवी भक्ति के रंग में रंग गया और रथ यात्रा के स्वागत में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रा में शामिल भक्त अशोक अग्रवाल ने बताया कि यह यात्रा धर्म, आस्था और एकता का प्रतीक है। माता के आशीर्वाद से हजारों श्रद्धालु कठिन यात्रा कर भी उत्साह और भक्ति से ओत-प्रोत हैं। रथ यात्रा शहडोल से आगे अपने अगले पड़ावों के लिए रवाना हुई, जहां विभिन्न नगरों और ग्रामों में भी इसी तरह श्रद्धापूर्वक स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं।

## नगर बंद, सड़क पर उतरी भीड़, पुलिस से झड़प, कई घायल

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर पथराव से भड़का आक्रोश







**शहडोल। जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र की केशवाही चौकी में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए पथराव ने पूरे इलाके का माहौल गर्मा दिया है। धार्मिक जुलूस पर अचानक हुए इस हमले ने श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया।**

महिलाओं सहित कई श्रद्धालु पत्थर लगने से घायल हुए, जिसके बाद शनिवार सुबह पूरे नगर में बंद का ऐलान कर सैकड़ों लोग सडक़ों पर उतर आए। भीड़ ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### पथराव से मचा हडक़ंप

घटना दुर्गा प्रतिमा विसर्जन यात्रा के दौरान हुई, जब जुलूस भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ केशवाही चौक से गुजर रहा था। उसी दौरान अज्ञात असामाजिक तत्वों ने भीड़ पर पथराव शुरू कर दिया, जिसमें तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। पथराव के पत्थर सीधे भक्तों और महिलाओं के सिर व शरीर पर लगे, जिससे भगदड़ मच गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल फैल गया।

### अभद्र टिप्पणी से भडक़ा माहौल

सूत्रों के अनुसार, पथराव करने वाले आरोपियों में से एक ने भगवान श्रीराम के प्रति अभद्र टिप्पणी की थी, जिससे माहौल और भडक़ उठा। लोगों ने इसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की खुली कोशिश बताया। इसके बाद हिंदू संगठनों ने केशवाही और बुढ़ार क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन की घोषणा कर दी। सुबह से ही सैकड़ों लोग बस स्टैंड ग्राउंड में जमा हो गए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए।

### नारों के बीच सुलगता विरोध

बस स्टैंड ग्राउंड से लेकर मुख्य चौक तक लोगों ने जय श्रीराम और धर्म का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाए। नगर बंद पूरी तरह सफल रहा, दुकानें, बाजार, स्कूल सभी बंद रहे। भीड़ ने जुलूस की सुरक्षा में लापरवाही बरतने के लिए पुलिस प्रशासन पर भी सवाल उठाए। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि पथराव करने वाले सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए।

### पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग

प्रदर्शनकारियों की भीड़ जैसे-जैसे बढ़ती गई, पुलिस ने स्थिति संभालने के लिए अतिरिक्त बल तैनात कर दिया। भीड़ के थाने की ओर बढऩे और घेराव की कोशिश करने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग* किया, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति बनी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया, इस दौरान कई लोगों को हल्की चोटें आईं।

### प्रशासन ने कहा स्थिति नियंत्रण में

पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव ने बताया कि दुर्गा विसर्जन जुलूस के दौरान तीन महिलाओं को पत्थर लगने की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। विरोध में कुछ लोगों ने मार्केट बंद कर प्रदर्शन किया, जिसमें कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाडऩे की कोशिश की। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। फिलहाल इलाके में शांति और सामान्य स्थिति बनी हुई है।

### पुलिस बल की भारी तैनाती

घटना के बाद केशवाही चौकी और आस-पास के इलाकों में पुलिस बल की भारी तैनाती की गई है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी स्वयं मौके पर डटे रहे। प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सतर्क है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि दुर्गा विसर्जन जैसे आस्था और एकता के पर्व पर पथराव की घटना शर्मनाक है। यह न केवल श्रद्धालुओं की भावनाओं पर हमला है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को तोडऩे की साजिश भी प्रतीत होती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर त्वरित कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

### शासन से सख्त कार्रवाई की मांग

विरोध कर रहे संगठनों ने शासन से मांग की है कि धार्मिक आयोजन में बाधा डालने वाले तत्वों को आतंकवाद विरोधी धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेजा जाए। लोगों का कहना है कि ऐसे लोगों को बख्शना समाज के लिए खतरनाक संदेश होगा। उन्होंने घायल महिलाओं को तत्काल मुआवजा देने और दोषियों को सार्वजनिक रूप से बेनकाब करने की मांग की। शाम तक केशवाही और बुढ़ार क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में रही। प्रशासन लगातार लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है। बावजूद इसके लोगों में गुस्सा ठंडा नहीं हुआ है। सोशल मीडिया पर भी पथराव की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें जुलूस के दौरान भगदड़ और अफरा-तफरी के दृश्य साफ दिख रहे हैं। यह घटना न केवल प्रशासन की लापरवाही बल्कि धार्मिक असहिष्णुता का भयावह संकेत है। सवाल यह है कि जब त्योहारों की सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया जाता है, तो फिर जुलूस पर पथराव कैसे हुआ?

# सेवानिवृत्त कर्मचारी का शासकीय आवास से नहीं छूट रहा मोह



### 9 माह बाद भी शासकीय आवास पर कब्जा, विभाग बना मूकदर्शक

**शहडोल।** जिले में सरकारी विभागों की लापरवाही और शिथिल व्यवस्था का ऐसा उदाहरण सामने आया है, जो प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा करता है। सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से 7 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी योगेश मिश्रा अब तक विभाग द्वारा आवंटित शासकीय आवास को खाली नहीं कर रहे हैं। रिटायरमेंट के पूरे 9 महीने बीत जाने के बाद भी सरकारी मकान पर उनका कब्जा कायम है, जबकि विभागीय नियम स्पष्ट रूप से कहते हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद अधिकतम 2 से 3 महीने के भीतर सरकारी आवास खाली किया जाना अनिवार्य है।

### विभाग की चेतावनी बेअसर

खबर है कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा श्री मिश्रा को कई बार मौखिक रूप से कमरे खाली करने की चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन हर बार उन्होंने टालमटोल का रवैया अपनाया। विभाग की यह ढिलाई और श्री मिश्रा की हठधर्मिता अब उन कर्मचारियों के लिए सिरदर्द बन चुकी है जो वास्तव में आवास की आवश्यकता रखते हैं। कई नए पदस्थ अधिकारी और कर्मचारी मजबूरी में किराए के मकानों में रह रहे हैं, जबकि सरकारी आवास रिटायर्ड कर्मचारियों के निजी आशियाने में बदल चुके हैं।

### नियमों की खुली धज्जियां

शासकीय आवास नीति के तहत, कोई भी कर्मचारी सेवा निवृत्ति के पश्चात अधिकतम 90 दिनों तक आवास रख सकता है। इसके बाद यदि आवास खाली नहीं किया जाता, तो इसे अनाधिकृत कब्जा माना जाता है और विभाग को कानूनी कार्यवाही व किराया वसूली का अधिकार होता है। लेकिन सवाल यह है कि पीडब्ल्यूडी विभाग इतने महीनों से चुप क्यों है? क्या श्री मिश्रा के प्रभाव या संबंधों के कारण प्रशासन आंखें मूंदे हुए है?

### शहडोल में आम है यह प्रवृत्ति

यह सिर्फ योगेश मिश्रा का मामला नहीं है, जिले के कई विभागों, जिनमें पीएचई, पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग शामिल हैं, इसके कई रिटायर्ड अधिकारी-कर्मचारी अब भी सरकारी आवासों में जमे हुए हैं। ये लोग सरकारी संपत्ति को अपनी निजी मिल्कियत की तरह उपयोग कर रहे हैं। परिणामस्वरूप जरूरतमंद कर्मचारियों को सरकारी सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है और शासन के आदेशों की खुलेआम अवहेलना हो रही है।

### अब विभाग देगा नोटिस

सूत्रों की मानें तो विभाग अब श्री मिश्रा को नोटिस देने की तैयारी में है। यदि जल्द ही उन्होंने आवास खाली नहीं किया, तो विभाग जबरन कब्जा हटाने की कार्रवाई करेगा और बकाया किराया व दंड राशि की वसूली भी की जाएगी। विभागीय सूत्र यह भी बताते हैं कि श्री मिश्रा को पहले ही मौखिक रूप से चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन अब मामला औपचारिक नोटिस और संभावित कार्रवाई के स्तर तक पहुंच गया है।

### जनता और कर्मचारियों में आक्रोश

विभाग के भीतर इस लापरवाही को लेकर असंतोष है। कर्मचारियों का कहना है कि एक ओर सरकार पारदर्शी और जिम्मेदार शासन की बात करती है, वहीं दूसरी ओर ऐसे मामले प्रशासन की साख को धूमिल करते हैं। जनता का भी कहना है कि जब सरकारी कर्मचारी खुद कानून तोड़ेंगे, तो आम नागरिकों से नियमों के पालन की उम्मीद कैसे की जा सकती है? शासन को चाहिए कि ऐसे अनाधिकृत कब्जों पर तत्काल कार्रवाई कर उदाहरण प्रस्तुत करें, ताकि अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारी भी सरकारी संपत्ति को अपनी निजी जायदाद समझने की भूल न करें। सवाल सिर्फ एक योगेश मिश्रा का नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की जवाबदेही का है, जो आज भी नोटिस जारी करेंगे के भरोसे पर चल रहा है।

# यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने चलाएं जागरूकता अभियानः अपर मुख्य सचिव

## संभाग के छात्रावासों को बनाएं स्वच्छ एवं सुंदर




**शहडोल।** मध्यप्रदेश शासन के गृह, पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं नोडल अधिकारी शहडोल संभाग शिव शेखर शुक्ला ने वर्चुअली बैठक के माध्यम से संभाग के तीनों जिलों के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विकास कार्यों एवं संभाग में विकास के अवसर, निवेश तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग के जनप्रतिनिधियों द्वारा विकास की सकारात्मक सोच के साथ जो मुद्दे बताए गए हैं। उन्हे संबंधित विभागों से समन्वय कर निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि शहडोल संभाग में पर्यटन में निवेश एवं रोजगार के अवसर बढ़ाने की बहुत संभावनाएं है।संभाग के ऐसे स्थलों का चिन्हांकन कर पर्यटन विभाग के माध्यम से सर्वे कराकर पर्यटन के नए स्थानों को विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। आपने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु वायु सेवा एवं हैलीकाप्टर सेवा प्रारंभ करने जा रही है। शहडोल संभाग में आने वाले पर्यटकों के लिए जबलपुर से हैलीकाप्टर सेवा शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन का विकास निजी निवेश के माध्यम से किया जाएगा। प्रदेश सरकार की पर्यटन निवेश पॉलिसी में निवेशकों को 15 प्रतिशत से लेकर 30 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है। एसीएस श्री शुक्ल ने बताया कि अनूपपुर जिले में मां नर्मदा नदी के उद्गम स्थल अमरकंटक में भारत सरकार की प्रसादम योजना के तहत 50 करोड़ रूपए की लागत वाले कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों से जहां नगर का सौंदर्यीकरण होगा वहीं पर्यटकों, श्रद्धालुओं को सुविधाएं भी मिलेगी।

अपर मुख्य सचिव नें कहा कि सडक़ दुर्घटनाओं से होने वाली जनधन की हानि को कम से कम करना प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकता है। आपने संभाग के तीनों जिलों के कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि संभाग में सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमो के प्रति जनमानस को जागरूक करने के लिए सतत रूप से यातायात जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि यातायात नियमो का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटनाओ में कमी लाने हेतु चिन्हित ब्लैक स्पॉटो में संकेतक बोर्ड, सूचना बोर्ड जैसे अन्य उचित प्रबंध कराना सुनिश्चित करें एवं प्रत्येक माह जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक जनप्रतिनिधियो की उपस्थित में आयोजित करें, बैठक में प्राप्त सुझावो में प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से बसों एवं सभी प्रकार के वाहनो के परमिट, बीमा एवं फिटनेस तथा ओवरलोड आदि की जांच करे एवं संघन जांच अभियान चलाएं।

अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि शहडोल संभाग के छात्रावासो को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए बरसात पश्चात साफ-सफाई अभियान चलाए, मेंटीनेंस का कार्य करें तथा विभागीय अधिकारियो को एक-एक छात्रावासो की जिम्मेदारी दें एवं सतत रूप से छात्रावासों की मॉनीटरिंग भी करें। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जिला जेल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओ का जायजा ले। अपर मुख्य सचिव ने बैठक में कहा कि जनजातीय क्षेत्रो में एवं ग्रामीण अचंलो में बालक एवं बालिकाओं की गुमशुदगी के संबंध में मुस्कान अभियान के तहत पुलिस विभाग सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रो में नियमानुसार प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ धार्मिक कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु आवेदन प्राप्त होने पर नियमानुसार अनुमति देने की कार्यवाही करें। डीजे लाउड स्पीकर निर्धारित मापदंडो के अनुसार बजे इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि खुले में मांस एवं मछली का विक्रय करने पर सतत रूप से निगरानी रखे एवं दुकानो को शेड का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया।

अपर मुख्य सचिव ने संभाग में खेल गतिविधियों में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि शहडोल जिले का विचारपुर ग्राम जिसे मिनी ब्राजील के नाम से जाना जाता है। जिसका जिक्र देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में कई बार किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी सराहना की है। आपने कहा कि मिनी ब्राजील में बहुत कम उम्र से ही बच्चों में फुटबाल खेल के प्रति रूझान है। इन बच्चों को प्रारंभ से ही खेल का प्रशिक्षण दिलाया जाए। जिले में काम करने वाली कंपनियों एवं एसईसीएल के माध्यम से सीएसआर मद से खिलाडियों को गोद लेने उनकी प्रशिक्षण की व्यवस्था करने तथा रिच डाईट की व्यवस्था करने के सुझाव दिए।

प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने वर्चुअल रूप से बैठक में भाग लेते हुए कहा कि अनूपपुर से कोतमा राष्ट्रीय राजमार्ग में कई ब्लैक स्पाट हैं, जिससे सडक़ दुर्घटनाएं होती हैं। ऐसे ब्लैक स्पाटों को चिन्हित कर उन्हें ठीक कराने, मुख्य मार्ग से जहां पर ग्रामीण सडक़ें मिलती हैं में ओव्हर ब्रिज बनाने और अनूपपुर कोतमा मार्ग को फोरलेन में बदलने का सुझाव दिया। कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल ने धार्मिक पर्यटन स्थल अमरकंटक में नशाबंदी में पूर्णतः रोक लगाने तथा अमरकंटक नगर की आंतरिक मार्गों का जीर्णोद्धार करने तथा अनूपपुर में ब्रिज कार्पोरेशन द्वारा बनाए जाने वाले ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की बात कही। पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह ने पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में समूह नल जल योजनाओं के माध्यम से पेयजल व्यवस्था कराने, भवन विहीन हाई स्कूलों, हायर सेकेन्ड्री स्कूल, छात्रावास भवनों तथा जीर्णशीर्ण पंचायत भवनों के निर्माण का सुझाव दिया।

जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी ने जैतपुर में नया महाविद्यालय भवन निर्माण, केशवाही में कन्या छात्रावास निर्माण तथा लखवरिया में विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने का सुझाव दिया। ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शरद कोल ने वन विभाग से अनुमति नहीं मिलने के कारण विजय सोता ब्रिज निर्माण का कार्य प्रभावित होने, ब्यौहारी क्षेत्र में जंगली हाथियों के मूवमेंट के कारण होने वाली जनधन हानि को रोकने के संबंध में प्रयास की आवश्यकता बताई, उन्होंने जिले के पर्यटक स्थल सरसी आईलैण्ड में एडवेन्चर टूरिज्म बढ़ाने, आस-पास के पुराने मंदिरों का जीर्णोद्धार करने तथा बाणसागर डैम एरिया में ऋषि बाणभट्ट की प्रतिमा स्थापित करने का सुझाव दिया। जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने शहडोल नगर में नया महाविद्यालय संचालित करने, शहडोल नगर के विकास के लिए नगर की प्राईम लोकेशन में स्थित शासकीय भवनों एवं कैंपस को अन्यत्र शिफ्ट करने जिला चिकित्सालय का विस्तार करने, शहडोल नगर में रिंग रोड तथा जयसिंहनगर बाईपास स्वीकृत करने, बाणसागर जलाशय से शहडोल जिले में सिंचाई का विस्तार करने तथा मिनी ब्राजील विचारपुर में सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम के निर्माण के सुझाव दिए।

उमरिया जिले के बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह ने उमरिया-शहडोल मार्ग में बनाए जा रहे फ्लाईओव्हर ब्रिजों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने, नौरोजाबाद कालरी क्षेत्र में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने हेतु अभियान चलाने ,उचेहरा में मॉ ज्वाला धाम का सडक़ चौड़ी करण, पठारी कला में रघुनाथ शाह, शंकर शाह की प्रतिमा स्थापित करने, चंदिया बस स्टैण्ड में एप्रोच रोड बनाने तथा स्व सहायता समूहों की बैठकों के लिए सामुदायिक भवन बनाने का सुझाव दिया।

बैठक में आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने मुख्यमंत्री तथा पूर्व में संभाग के नोडल अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों के पालन प्रतिवेदन की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों पर जिला एवं राज्य स्तर से अमल कराने के प्रयास किए जाएंगे। बैठक में उप महानिरीक्षक पुलिस सुश्री सविता सुहाने ने अमरकंटक में नर्मदा मंदिर के पास पुलिस चौकी कार्यालय, डियूटी में तैनात पुलिस के ठहरने एवं सुलभ शौचालय की व्यवस्था करने तथा दूरस्थ अंचल के थानों में सोलर एनर्जी के माध्यम से विद्युत व्यवस्था करने का सुझाव दिया।

शहडोल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन तथा अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने विगत बैठकों के पालन प्रतिवेदन तथा जिलों में संचालित विकास गतिविधियों की जानकारी दी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक उमरिया विजय भागवानी, पुलिस अधीक्षक अपूपपुर मोतीउरहमान सहित शहडोल संभाग के सीईओ जिला पंचायत एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

**खबर संक्षेप**

## दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**हरिभूमि न्यूज चचाई।** 03 अक्टूबर को पीड़िता उम्र 23 साल के द्वारा थाना चचाई में रिपोर्ट किया कि वर्ष 2022 में कॉलेज की तरफ से ट्रेनिंग करने पावर प्लांट चचाई आई थी, उसी समय यशवंत खेन नाम के कर्मचारी से संपर्क हुआ दोनों में दोस्ती हुई तब शादी का झांसा देकर मार्च 2022 से शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीडिता की बिना जानकारी के आरोपी दूसरी शादी कर लिया जिसकी जानकारी लगने पर पीड़िता आरोपी यशवंत खेन को शादी करने के लिए कहा गया जो शादी करने से मना कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 263/25 धारा 69 बीएनएस दुष्कर्म का मामला पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना आरोपी यशवंत खेन पिता गनपत खेन उम्र 29 वर्ष निवासी पावर प्लांट चचाई को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी चचाई सुंद्रेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक महिपाल प्रजापति, लालमणि चौधरी, प्रधान आरक्षक मोहन सिंह, आरक्षक विवेक मिश्रा, नत्थू मोरे, प्रकाश निनामा एवं महिला आरक्षक सावित्री सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## स्थाई वारंट का आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा थाना प्रभारी की नेतृत्व में अपने स्टाफ के साथ माननीय न्यायालय कोतमा द्वारा अप.क्र. 235/2021 धारा 457, 380, 411, 34 भा.दं.वि. में जारी स्थाई वारंट के आरोपी वारंटी गौतम चटर्जी उर्फ बुद्धूलाल पिता आसित चटर्जी उम्र 26 साल निवासी परासी मोड के पास जमुना थाना भालूमाडा जिला अनूपपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

## ग्राम पंचायत ददरौडी में मेरी पालिसी मेरे हाथ का किया गया वितरण

**उमरिया।** उप संचालक कृषि संग्राम सिंह ने बताया कि कार्यालय ग्राम पंचायत ददरौडी तहसील मानपुर, जिला उमरिया में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम खरीफ 2025 में मेरी पॉलिसी मेरे हाथ पॉलिसी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी दी गई और किसानों को पॉलिसी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभापति कृषि समिति जनपद पंचायत मानपुर माया सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत दादरौडी विभा सिंह , सहायक संचालक कृषि राशिद खान जी, एसएडीओ एम के दुबे , एवं ग्राम के समस्त किसान , एआईसी के जिला प्रतिनिधि और सभी तहसील प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

## फर्जीवाड़ा, पारिवारिक लाभ और सरकारी खजाने की लूट का खुला खेल!

# बराछ पंचायत में सचिव का साम्राज्य

**शहडोल। सरकार लाख डिजिटल निगरानी और पारदर्शिता का दम भर ले, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार अब सिस्टम नहीं बल्कि संस्कृति बन चुका है। जयसिंहनगर जनपद की ग्राम पंचायत बराछ इसका ज्वलंत उदाहरण है, जहां पंचायत सचिव ओमप्रकाश द्विवेदी ने शासन की योजनाओं को अपनी निजी तिजोरी में तब्दील कर दिया है। यहां विकास नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का कारोबार फल-फूल रहा है, और अधिकारी मूकदर्शक बने तमाशा देख रहे हैं।**

### विकास से पहले वसूली

बराछ पंचायत में 30 जून 2025 को पाँचवें वित्त आयोग के तहत 12 लाख 20 हजार 857 रुपये की राशि से सीसी सडक़ निर्माण स्वीकृत हुआ था। यह सडक़ बरा तिराहा से रामानुज पटेल के घर की ओर बननी थी, लेकिन सडक़ बनने से पहले ही सचिव ओमप्रकाश द्विवेदी ने करीब 6 लाख रुपये निकाल लिए। निर्माण स्थल पर आज भी सडक़ अधूरी पड़ी है, जबकि सचिव साहब के खातों और कार्यालय में तरक्की की चकाचौंध दिख रही है। ग्रामीणों के अनुसार, सडक़ निर्माण के नाम पर कवल गड्ढ आर वाद नजर आ रह हैं, बाकी रकम हवा में गायब है।

### भ्रष्टाचार का माहिर खिलाड़ी

ओमप्रकाश द्विवेदी का नाम बराछ ही नहीं, बल्कि आस-पास की पंचायतों में भ्रष्टाचार के विशेषज्ञ के रूप में लिया जाने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव साहब किसी भी कागज को विकास कार्य का सबूत बना सकते हैं और किसी भी फर्जी बिल को सफल योजना का रूप दे सकते हैं। उनकी यह कला अब सरकारी नियमों को भी बौना साबित कर रही है। पंचायत में दर्जनों योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायतें लंबित हैं, पर हर बार जांच वहीं खत्म हो जाती है जहां सचिव की ऊपर तक पहुंच शुरू होती है।

### फर्जी फर्म के जरिए सरकारी रकम पर कब्जा

बराछ पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर जारी सभी बिल 'श्रीधर ट्रेडर्स' नामक फर्म के जरिए लगाए जा रहे हैं, लेकिन यह फर्म धरातल पर कहीं मौजूद ही नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि यह फर्म दरअसल उपसरपंच के परिवार की परछाई है, जिसके जरिये सचिव द्विवेदी पंचायत के बजट पर कब्जा जमाए बैठे हैं। पंचायत दर्पण



पोर्टल पर ब्लर बिल, फर्जी एंट्री और अधूरे कामों की रंगीन तस्वीरें अपलोड कर भ्रष्टाचार को डिजिटल आवरण दे दिया गया है। शासन की पारदर्शिता नीति अब सचिव की चालाकी के आगे बेमानी साबित हो रही है।

### राजनीतिक संरक्षण में पलता भ्रष्टाचार

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि सचिव ओमप्रकाश द्विवेदी को उपसरपंच के पति और कुछ जनप्रतिनिधियों का सीधा संरक्षण प्राप्त है। यही कारण है कि शिकायतें जनपद और जिला स्तर तक पहुंचने के बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचतीं। जब भी जांच शुरू होती है, सचिव श्री द्विवेदी ऊपर तक पहुंच की धमकी देकर मामला रफा-दफा करा देते हैं। बराछ पंचायत में अब यह कहावत आम हो गई है, यहां काम नहीं, कमीशन चलता है।

### पत्नी के नाम पर भी योजनाओं की लूट

सचिव ओमप्रकाश द्विवेदी का भ्रष्टाचार सिर्फ फर्जी बिलों तक सीमित नहीं है, चर्चा है कि उन्होंने अपनी पत्नी मीना द्विवेदी के नाम पर भी योजनाओं का लाभ उठाने का गोरखधंधा रचा हुआ है। सूत्रों के अनुसार सचिव ने मीना द्विवेदी का नाम बलोड़ा पचायत म समग्र आइडा स अलग करा दिया है, जानकारों की माने तो कानून के मुताबिक ऐसा केवल तलाक की स्थिति में ही किया जा सकता है। इस तकनीकी जाल के पीछे मकसद था, अपनी पत्नी को एक अलग लाभार्थी बनाकर योजनाओं का फायदा दोहरी पहचान से लेना। बीते महीनों में मीना द्विवेदी के नाम पर लघु तालाब, मीनाक्षी तालाब और पशु शेड जैसी योजनाओं के लाभ उठाए गए हैं। यानी सचिव ने सरकारी योजनाओं को पारिवारिक व्यवसाय बना लिया है और विभागीय अफसर इसे जानकर भी चुप हैं।

### अधिकारियों की चुप्पी

ग्रामीणों ने कई बार शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन न जनपद पंचायत ने कोई ठोस कार्रवाई की, न जिला प्रशासन ने। पंचायत दर्पण पोर्टल पर फर्जीवाड़े का खुला सबूत मौजूद है, लेकिन अधिकारी इसे अनदेखा कर रहे हैं। डिजिटल रिकॉर्ड, ऑडिट रिपोर्ट और ऑनलाइन निगरानी के बावजूद बराछ पंचायत का भ्रष्टाचार बिना किसी डर के फल-फूल रहा है।

### भौतिक सत्यापन की मांग

गांव के लोग अब खुलकर आवाज उठा रह ह। ग्रामाणा का कहना ह कि बराछ में हर योजना अधूरी और घटिया स्तर पर बनी है। सडक़ें टूटी, नालियाँ अधूरी और माप पुस्तिका में जादू से काम पूर्ण दिखा दिया गया है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि तुरंत भौतिक सत्यापन कराया जाए और सचिव द्विवेदी सहित पूरे भ्रष्टाचार गिरोह पर विभागीय और दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

### जनविश्वास का पतन

बराछ पंचायत की कहानी अब सिर्फ एक गांव की नहीं, बल्कि शासन की नाकामी का आईना बन चुकी है। अगर ऐसे सचिवों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीणों का विश्वास पंचायत व्यवस्था और सरकारी योजनाओं दोनों से खत्म हो जाएगा। सरकार पारदर्शी शासन का नारा तो देती है, लेकिन बराछ जैसी पंचायतें उस पारदर्शिता को काले पर्दे के पीछे छिपा रही हैं।

### इनका कहना है...

मैं पोर्टल दिखवाता हूं, मैं कल ही बात पाऊंगा की, यह कैसे हुआ है।

**बालकरण बैगा**
**समग्र अधिकारी**
**जनपद पंचायत, जयसिंहनगर**

## आदि कर्मयोगी विजन प्लान 2030 का किया गया अनुमोदन



**शहडोल।** जिले के विकासखंड सोहागपुर के ग्राम केलमनिया में संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव की उपस्थिति में 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभा में ग्रामवासियो की उपस्थिति में आदि कर्मयोगी विजन प्लान 2030 का अनुमोदन किया गया एवं प्रशिक्षित दल द्वारा गाँव का सामाजिक तथा संसाधन मानचित्र बनाया गया । उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने आयोजित ग्राम सभा में ग्रामवासियो को जानकारी देते हुए बताया कि जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जनजातीय बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं का जनजातीय समाज को शत-प्रतिशत लाभ मिल सके इस हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनमन तथा धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना लागू की है। इन योजनाओं का लाभ आमजन को मिल सके इस हेतु आदि कर्मयोगी अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत राज्य स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक के शासकीय अधिकारियों,कर्मचारियों को गाँव के लोगों की सहभागिता से विजन प्लान तैयार करने हेतु प्रशिक्षित किया गया है।

उन्होंने बताया कि विजन प्लान में 2 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रो का निर्माण, विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, बाउण्ड्रीवाल निर्माण, खेल मैदान जैसी सामुदायिक आवश्यकताओं एवं अन्य सुविधाओ को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा केलमनिया ग्राम को गोद लिया गया है। इसलिए वे समय-समय पर आदि सेवा केन्द्र में उपस्थित होंगे। इस दौरान ग्राम का भ्रमण कर ग्रामवासियों से मिलकर समस्याओं को जानेंगे तथा संबंधित विभागों से समन्वय कर उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। ग्राम सभा में सरपंच, उपसरंपच श्रीमती राजकुमारी यादव, सचिव सूर्य प्रसाद द्विवेदी, प्राचार्य जागेश्वर संत एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो युवक बहे, एक का शव बरामद

**शहडोल।** जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र अंतर्गत अंकुरी घाट, सोन नदी पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान शुक्रवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। विसर्जन के लिए सल्दा गांव से गए दो युवक नदी के तेज बहाव में बह गए। दोनों युवकों का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। खबर है कि सोन नदी के अंकुरी घाट पर विसर्जन के लिए पहुंचे सल्दा निवासी शुभम सिंह गोंड़ पिता लालवहादुर सिंह गोंड़ उम्र 16 वर्ष और हनुमत लाल पिता राम सिंह उम्र 22 वर्ष नदी की तेज धारा में बह गए। घटना के बाद से प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय मौके पर न तो पर्याप्त पुलिस बल मौजूद था और न ही पंचायत का कोई जिम्मेदार अधिकारी ही मौजूद था। हालाकि शुक्रवार शाम तक 01 व्यक्ति के शव मिलने की खबर है।



स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि घाट न सचिव मौजूद थे और न ही रोजगार सहायक, लगातार 24 घंटे से जिले में बारिश हो रही है, जिससे सोन नदी का जलस्तर और अधिक खतरनाक हो गया है। इसके बावजूद घाट पर सुरक्षा और एहतियात के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे।विसर्जन के दौरान माता के जयकारों और हर्षोल्लास में युवा भावनाओं में बह गए और जोखिम की परवाह किए बिना नदी में उतर गए। दुर्भाग्यवश, यह उत्साह ही उनके लिए काल बन गया। घटना के बाद से परिजनों के साथ-साथ पूरे गांव में मातम छा गया।इस घटना ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। त्योहारों पर उत्सव के साथ-साथ सुरक्षा पर ध्यान देना भी उतना ही आवश्यक है। जिला प्रशासन और पुलिस अमले को चाहिए कि ऐसे अवसरों पर घाटों पर पर्याप्त बल और सुरक्षा इंतजाम करें। साथ ही दुर्गा समितियों को भी चाहिए कि वे युवाओं को अनियंत्रित होकर नदी में जाने से रोकें और सावधानी के महत्व को समझाएं।

## मुख्यमंत्री ने 'मिनी ब्राजील' के फुटबॉल खिलाड़ियों से की भेंट

**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले के ग्राम विचारपुर की प्रसिद्ध 'मिनी ब्राजील' फुटबॉल टीम के खिलाड़्यिों से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि यह पल न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़्यिों की मेहनत और प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विचारपुर की यह टीम प्रदेश की असाधारण खेल प्रतिभा का उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने



खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने कौशल और समर्पण से प्रदेश और देश का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन करें। विश्वस्तरीय प्रशिक्षण के लिए विचारपुर से पाँच खिलाड़ी और एक प्रशिक्षक का चयन हुआ है—प्रशिक्षक सुश्री लक्ष्मी साहसी उम्र 31 वर्ष, खिलाड़ी सानिया कुशवाहा उम्र 14 वर्ष, सुहानी कोल उम्र 15 वर्ष, प्रीतम कुमार उम्र 14 वर्ष, वीरेंद्र बैगा उम्र 16 वर्ष और मनीष घसिया उम्र 16 वर्ष। विचारपुर की इस टीम को राष्ट्रीय पहचान तब मिली थी, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 जुलाई 2023 को 'मन की बात' कार्यक्रम में इसे 'मिनी ब्राजील' कहा था। अब जर्मनी के प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब शाल्के 04 ने इन खिलाड़्यिों और प्रशिक्षक को 4 से 12 अक्टूबर 2025 तक विशेष प्रशिक्षण का अवसर दिया है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़्यिों को शुभकामनाएं दीं और कहा—आप प्रदेश की नई खेल पहचान हैं।

## संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर पथ संचलन की तैयारी



**शहडोल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2 अक्टूबर 2025 को अपनी शताब्दी वर्ष पूर्ण कर रहा है। इसके उपलक्ष्य में पूरे देश और दुनिया में स्वयंसेवकों के द्वारा शताब्दी वर्ष में सात विशेष कार्यक्रम का आयोजन 2 अक्टूबर 2026 तक के लिए निर्धारित किए गए हैं। जिसका प्रारंभ 2 अक्टूबर से हो चुका है। निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार पहला कार्यक्रम संघ की स्थापना दिवस विजयदशमी दशहरा पर्व से 15 अक्टूबर तक पूरे देश में नगरीय केंद्र, खंड केंद्र, उपखंड के साथ-साथ मंडल स्तरों पर गणवेश धारी स्वयंसेवकों के द्वारा पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसको लेकर स्वयंसेवकों में बेहद उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। खंड स्तर एवं नगरीय स्तर पर गणवेश बिक्री केंद्र स्थापित किए गए हैं। शाखा स्तर पर पथ संचलन का अभ्यास निरंतर किया जा रहा है।

### शहडोल में पथ संचलन की योजना

जिले के सभी 6 खंड केंद्र, 18 उपखंड, 6 नगर केंद्र एवं 73 मंडल और शहडोल जिला मुख्यालय शहडोल नगर में 14 बस्ती स्तर पर पथ संचलन होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें शहडोल नगर मुख्यालय में 12 अक्टूबर को एक वृहद पथ संचलन का आयोजन किया जाना है। जिसमें अनुमानित 2000 से अधिक गणवेश धारी स्वयंसेवकों के सम्मिलित होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वही अध्यापक वर्ग का विजयदशमी उत्सव एवं पथ संचलन होना है। पथ संचलन के कार्यक्रम में घोष दल के धुन के साथ गणवेश धारी स्वयंसेवको को देखा जा सकता है। स्वयंसेवकों के लिए गणवेश की उपलब्धता हेतु गांधी चौक के सामने पूजा श्री साड़ी सेंटर एवं आरएसएस कार्यालय निर्धारित किया गया है। वही प्राय सभी खंड केंद्र स्तर पर गणवेश बिक्री केंद्र की स्थापना किया गया है। शहडोल नगर केंद्र में बस्ती स्तर पर 2,5 और 7 अक्टूबर को पथ संचलन कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। जिसमें सोहागपुर बस्ती का पथ संचलन 2 अक्टूबर को हो चुका है। बाकी 13 बस्तियों का पथ संचलन 5 और 7 तारीख को होना है।

## अडीबाजी कर तोडफोड़ करने वाले आसामजिक तत्व पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** फरियादी दयाशंकर केवट पिता बहोसरी केवट उम्र 28 वर्ष निवासी पोंडी थाना भालूमाडा का रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम पोंडी का भुट्टी उर्फ भोला केवट पिता नूतन केवट के द्वारा घर के अन्दर घुस कर मारपीट करना तथा राजेश कुमार केवट निवासी दारसागर को रोड पर रोक कर मारपीट कर मोटर सायकल में तोड फोड करने की रिपोर्ट पर आरोपी भुट्टी उर्फ भोला केवट पिता नूतन केवट निवासी पोंडी के विरूद्ध 431/2025 धारा 126(2), 296, 115(2), 119(1), 324(4), 331(6), 351(3) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में अपराध की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरी. संजय खलको के नेतृत्व में थाना भालूमाड़ा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए भुट्टी उर्फ भोला केवट पिता नूतन केवट निवासी पोंडी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेजा गया है।

## मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस









**हरभिमि न्यूजजमुना/बदरा।** 3 अक्टूबर को मेरा युवा भारत जिला अनूपपुर के द्वारा लेखा पाल एवं कार्यक्रम सहायक मनीष चौहान के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बरबसपुर विकासखंड अनूपपुर जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश में मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस उक्त कार्यक्रम में खेल युवा कल्याण विभाग से दिनेश सिंह चंदेल वृद्ध आश्रम के संचालक जितेंद्र राठौर उपस्थित रहे उक्त का उद्देश्य 14 दिसंबर 1990 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने (संकल्प 45/106 द्वारा) 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस घोषित किया, जिसका उद्देश्य आयु समावेशी एजेंडे को बढ़ावा देना है। उक्त कार्यक्रम पर सभी वृद्ध जन लोगो को फूल माला से सम्मानित किया गया और साथ ही फल मीठा वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन एनजीओ संस्था आनंदन सोशल वेलफेयर सोसाइटी धनगंवा पूर्वी के प्रतिनिधि दिनेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

# सूने घर में चोरों ने बोला धावा

**हरिभूमि न्यूज कोतमा। थाना अंतर्गत सेमरिहा गांव निवासी रामखेलावन महरा ने पुलिस को बताया कि 30 सितम्बर को मै अपने परिवार पत्नी और बच्चो को लेकर केशवाही मंदिर शाम करीबन 7.30 बजे घर में ताला लगाकर दुर्गा देखने गया था रात करीबन 10.30 बजे वापस घर आया देखा तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था तथा दरवाजा खुला हुआ था तब मैं अंदर जाकर देखा तो बेडरूम के कमरे का भी ताला टुटा हुआ था।**

बेडरूम के अंदर रखा दीवान खुला हुआ था दिवान का सारा सामान बिखरा हुआ था तथा आलमारी का भी ताला टुटा हुआ था आलमारी तथा दीवान के अंदर बने लाकर जिसमे सोने चांदी के जेवर सहित नगदी दो लाख चालीस हजार तथा कुछ अन्य बच्चो की ज्वेलरी कुल कीमती तीन लाख पचास हजार रुपये लगभग को कोई अजात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने रात्रि मे ही अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए विवेचना मे लिया। चोरी की सूचना पर मौके पर थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल पुलिस बल के साथ पहुच घटना स्थल का निरिक्षण करते हुए मौके पर सइबर सेल डांग स्क्वाड फारेसिक टीम का बुलाते हुए जांच शुरू कर दिया है।

### इनका कहना है

चोरी की घटना की शिकायत पर मौके का निरीक्षण कर साइबर सेल एवं डांग स्क्वाड फारेसिक टीम की मदद ली जा रही है।

**रत्नांबर शुक्ल**
**थाना प्रभारी कोतमा**

# जैतहरी में पुरानी रंजिश पर हुआ विवाद

## पति-पत्नी ने मिलकर व्यक्ति से मारपीट का मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** थाना जैतहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 05 में बीती रात एक व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पति-पत्नी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी सोहन प्रजापति पिता बलवीर प्रसाद प्रजापति (उम्र 36 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 05, जैतहरी) ने थाना जैतहरी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दिनांक 02 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे दुर्गा मंदिर दर्शन करने जा रहा था। इसी दौरान महेश प्रजापति मंदिर तिराहे के पास मिला और पुरानी रंजिश को लेकर विवाद करने लगा। फरियादी के अनुसार,



आरोपी ने उसे माँ-बहन की अशोभनीय गालियाँ दीं और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। मौके पर मौजूद मुकेश देवानी एवं कमलेश राठौर ने बीच-बचाव किया, लेकिन आरोपी महेश प्रजापति धमकी देते हुए बोला कि "आज तो बच गया, अगली बार जान से मार दूँगा।" इसके बाद आरोपी ने फोन कर अपनी पत्नी बिमला प्रजापति को बुला लिया, जिसने मौके पर पहुंचकर अपने पहने हुए चप्पल से फरियादी की पिटाई की। मारपीट में फरियादी सोहन प्रजापति को बाएँ आँख के ऊपर, दाहिने कंधे एवं दाहिने पैर में चोटें आई हैं, साथ ही शरीर में दर्द की शिकायत बताई गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अपराध क्रमांक पंजीबद्ध कर लिया है और महेश प्रजापति एवं बिमला प्रजापति के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। सूत्रों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पहले से रंजिश चली आ रही थी, जिसकी वजह से यह विवाद उत्पन्न हुआ। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और चिकित्सीय परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# अमरकंटक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** नगर परिषद अमरकंटक के सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण नगरीय मुद्दों पर एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वसिम अहमद भट्ट तथा अध्यक्ष के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह उपस्थित रहीं। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते, जनप्रतिनिधि, व्यापारीगण और आश्रम के संत भी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य अमरकंटक को स्वच्छ, सुंदर और पॉलिथीन मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कार्य योजना तैयार करना था। सभी उपस्थित लोगों ने नगर के बेहतर प्रबंधन हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

### विचार-विमर्श के मुख्य बिंदुः

नगर में आवारा पशुओं और बंदरों के बढ़ते आतंक





को नियंत्रित करने तथा इनके कारण होने वाली समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा हुई। यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि पर्यटकों को कचरा सही स्थान पर फेंकने के लिए निरंतर समझाइश दी जाए और जागरूकता अभियान चलाए जाएं। अमरकंटक को पूर्ण रूप से पॉलिथीन और कचरा मुक्त बनाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक कदम उठाने पर सहमति बनी। सीवर लाईन के बेहतर रख रखाव और समय पर साफ-सफाई सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों व संतों के सुझाव भी लिये गये।

खबर संक्षेप

## श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ 'सिंदूर खेला' में हिस्सा लिया

**कटनी।** कटनी की बंगाली मां दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा समारोह का विजयदशमी के अवसर पर भक्तिमय समापन हुआ। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ 'सिंदूर खेला' में हिस्सा लिया। महिलाओं ने परंपरागत रूप से एक-दूसरे को सिंदूर लगाया और अपने पति की लंबी उम्र व सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। दोपहर में गाजे-बाजे के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें मां दुर्गा की प्रतिमा को श्रद्धा और उल्लास के साथ नहर की ओर ले जाया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जो भक्ति भजनों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमते नजर आए। शोभायात्रा के अंत में पश्चिमी यमुना नहर पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां को अगले वर्ष पुनः आने का निमंत्रण दिया। मां दुर्गा पूजा समिति के एक पदाधिकारी ने बताया कि यह आयोजन हर साल हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत करता है। सिंदूर खेला और शोभायात्रा के माध्यम से हम मां दुर्गा की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। आयोजन के दौरान सुरक्षा के लिए स्थानीय प्रशासन ने पुलिस बल तैनात किया और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए।

## तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों में दहशत

**कटनी।** विजयराघवगढ़ क्षेत्र के जिवारा, नडेरी और गोइंद्रा गांवों में तेंदुए का आतंक गहराता जा रहा है। तेंदुआ आसपास के जंगल में घूमता दिखाई देता था, लेकिन अब वह गांवों के भीतर घुसकर पालतू मवेशियों को निशाना बना रहा है। बीते पंद्रह दिनों में ही तेंदुआ तीन गायों का शिकार कर चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह-शाम खेत और काम पर निकलना अब खतरे से खाली नहीं है। लोग आशंका जताते हैं कि कहीं तेंदुआ किसी इंसान पर हमला न कर दे। बच्चों और महिलाओं को घर से बाहर निकालना मुश्किल हो गया है। इस गंभीर स्थिति की जानकारी वन विभाग को कई बार दी गई, लेकिन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी संसाधनों व जनशक्ति की कमी का हवाला देकर केवल खानापूर्ति कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग तब तक इंतजार कर रहा है, जब तक कोई बड़ी अनहोनी न हो जाए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और शासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सुरक्षा के इंतजाम करने तथा तेंदुए को पकड़ने की कार्रवाई करने की मांग की है।

## जिला पंचायत की नवागत सीईओ ने किया पदभार ग्रहण

**कटनी।** जिला पंचायत की नवागत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर (IAS ,2018 ) ने शुक्रवार, 3 अक्टूबर को पूर्वान्ह में जिला पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर को प्रभार सौंपा। उल्लेखनीय है कि अभी हाल में ही 27 सितंबर 2025 को राज्य शासन द्वारा सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर का स्थानांतरण अपर मिशन संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी के पद पर किया गया है। अवगत होवे कि सुश्री कौर, मध्यप्रदेश कैडर की वर्ष 2018 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) की अधिकारी हैं। इसके पूर्व 15 सितंबर 2025 को राज्य शासन द्वारा जिला पंचायत कटनी के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत (IAS,2018) का स्थानांतरण अपर आयुक्त,नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल किया गया था। गौरतलब है कि कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा 22 सितंबर को नगर पालिक निगम कटनी की आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार निगमायुक्त को, साथ साथ जिला पंचायत की सीईओ के पद का प्रभार सौंपा गया था तभी से सुश्री परिहार निगम आयुक्त के साथ जिपं सीईओ के दायित्वों का निर्वहन कर रही थीं।



### बीके जेना बने सोहागपुर क्षेत्र के जीएम, एसईसीएल में अधिकारियों के तबादले, 23 अफसरों की नई पदस्थापना

# एसईसीएल में फेरबदल : एस.एस. परांजपे को मुख्यालय ओएसडी

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने शनिवार, 4 अक्टूबर 2025 को एक बड़ा प्रशासनिक reshuffle किया है। कंपनी के अधिकारी स्थापना विभाग की ओर से जारी आदेश में खनन अनुशासन (Mining Discipline) के 23 अधिकारियों का स्थानांतरण/पदस्थापना किया गया है।



**धनपुरी।**

यह तबादले कंपनी की कार्यप्रणाली को और सुचारू बनाने के उद्देश्य से किए गए हैं।मुख्य बदलाव,बी.के. जेना, महाप्रबंधक (ई-8), मुख्यालय से एजीएम सोहागपुर क्षेत्र में पदस्थ।,एस.एस. परांजपे सोहागपुर से स्थानांतरित होकर ओएसडी टू सीएमडी, एसईसीएल मुख्यालय। राजेश कुमार गुप्ता को एजीएम कोरबा क्षेत्र की जिम्मेदारी। रमेश बसंत सिंधुर को टीएस टू सीएमडी, एसईसीएल मुख्यालय भेजा गया। संजय कुमार सिन्हा को जीएम (ई&एफ)/एचओडी, मुख्यालय में पदस्थ किया गया।अन्य पदस्थापनाएँसूबेदार स्तर से लेकर उपप्रबंधक और सहायक प्रबंधक स्तर तक के अधिकारियों को गेवरा, कुसमुंडा, कोरबा, चिरमिरी, बैकुंठपुर, हसदेव और बिसरामपुर क्षेत्रों में नई जिम्मेदारी दी गई है।रिपोर्टिंग निर्देश,कुछ अधिकारियों को सीधे सीएमडी, डीटी (ओ) और डीटी (पी एंड पी) को रिपोर्ट करने के निर्देश।शेष अधिकारियों को संबंधित क्षेत्रीय एजीएम को रिपोर्ट करने का आदेश। सभी अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपने-अपने पीएमएस नोडल अधिकारी से संपर्क कर 15 दिनों के भीतर ऑनलाइन PAR/PRIDE (वित्तीय वर्ष 2025-26) भरने के निर्देश दिए गए हैं।सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृतियह तबादला आदेश सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी किया गया है।



## ग्राम पंचायत रेउसा में आदि सेवा कर्मयोगी अभियान बनेगा विजन प्लान

**ब्यौहारी।** मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा आदि सेवा कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ किया गया इस अभियान का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग तक शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण संरक्षण जन जागरूकता से जुड़ी सुविधा पहुंचना है,शहडोल जिले के जनपद जयसिंहनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत रेउसा के ग्राम सेमरपाखा, घोरीघाट, धनेडा में आदि सेवा कर्म योगी अभियान कार्यक्रम में पंचायत के सरपंच पुरुषोत्तम सिंह मरावी ,उप सरपंच फूलसिंह, सचिव अशोक कुमार गौतम, रोजगार सहायक मिथिलेश कुमार मिश्रा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक,स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी, पशुपालन विभाग के कर्मचारी, पंचायत मोबिलाइजर व अन्य सभी विभाग के कर्मचारी संयुक्त रूप से गांव में घर-घर जाकर सर्वे का कार्य कर गांव विकास का प्लान तैयार कर रहे हैं। सभी जनों के द्वारा अभियान की जानकारी जन जन तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है।

# बहुरी पंरपरा से बढ़ेगा नगर का गौरव, नगर पालिका परिषद की कार्य कुशलता से नागरिकों में प्रसन्नता

**बिरसिंहपुर पाली**

नवरात्रि पर्व की धूम का समापन दशहरा पर्व में नगर में भव्य झांकियों के साथ संपन्न हुआ। क्षेत्र का बहु प्रसिद्ध दशहरा एवं रावण दहन का एक लंबा गौरव था जो कि पिछले दिनों से इस विरासत पर विराम लग गया था, जिससे नगर का दशहरा पर्व फीका पड़ता जा रहा था।। इस पर्व को निभाने की जिम्मेदारी एस ई सी एल पाली समूह व्दारा उठाया जाता रहा था , लेकिन कोरोना काल में इस प्रक्रिया में लगी रोक ने इस पंरपरा को पूरी तरह निगल गया और एस ई सी एल प्रबंधन ने इस प्रक्रिया को आरंभ करने से हाथ खड़े कर दिया। तब से दशहरा पर्व फीका दिखाई पडने लगा और इस विरासत की शुरुआत करने के लिए नगर वासियों में हर दम खबडाहट होना स्वाभाविक रूप से बनी थी, हर नवरात्रि में इस बात को अलग अलग मंचों में उठायी जाती रही। इस बात को लेकर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान ने गंभीरता से लेते हुए नगर के गौरव को बचाने के लिए सकारात्मक आवश्यक पहल की और उसे मुकाम तक पहुचाया।दशहरा पर्व पर नये बस स्टैंड से लगभग बीस झाकियो का कारवां नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुराने बस स्टैंड से तहसील परिसर तक होते हुए कालरी स्टेडियम रावण दहन स्थल पहुचा। जहाँ पर राम लक्ष्मण ने रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन कर असत्य के प्रतीक सत्य पर जीत दर्ज किया गया है। इस प्रकार दशहरा पर्व में नगर में खोई विरासत को दुबारा हासिल कर बेहद प्रसन्नता जाहिर की गई है। नगर में निकाली गई मनोरम झाकियां ने हजारों की तादाद में पहुची जनता के मन में रच बस गयी, और दशहरा पर्व पाली नगर के गौरव को स्थापित करने में सफल हो गया। जहाँ पर लगभग आसपास के बीस गांवों की जनता दशहरा पर्व को देखने के लिए उमडती है। नगर की खोई प्रतिष्ठा को वापस दिलाने में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान और उनकी पूरी टीम की भूरि- भूरी मुक्त कंठ से प्रशंसा की जा रही है, जिनके प्रयास से दशहरा पर्व की धूम चौगुनी कीर्ति हासिल की है।




### आत्म निर्भर भारत के लक्ष्य को लेकर पाली मंडल की बैठक सम्पन्न

# जिला अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न

**बिरसिंहपुर पाली**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आत्म निर्भर भारत की संकल्पना को सफल बनाने के लिए चल रहे देश व्यापी अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल पाली की बैठक आज पाली गेस्ट हाउस में राधा तिवारी जी की अध्यक्षता और जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में मंडल पाली की कार्यशाला संपन्न हुई । कार्यक्रम की शुरुआत भारत माँ,श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गयी है। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र पहना कर किया गया, तदुपरांत सभी उपस्थित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र पहना कर सम्मान किया गया। कार्य शाला को सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी के बहादुर सिंह उर्फ कालिका सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि आत्म निर्भर भारत बनाने के दिशा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने आत्म निर्भर भारत बनाने का संकल्प लिया है, हम सबका दायित्व है कि इस सपने को साकार बनाने में सहभागी बने। आत्म निर्भर भारत के संदर्भ में संयोजक चंद्र मोहन शुक्ला ने बताया की आत्म निर्भर भारत को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ जनो व्दारा दिये गये मार्गदर्शन का पालन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया जायेगा।कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के सह संयोजक राज कुमार खरे ने कहा की हम सबको देश को आत्म निर्भर बनाने के लिए हमें स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए।वरिष्ठ भाजपा नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुदामा प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया की आत्म निर्भर भारत बनाने के लिए हमें स्वदेशी को ग्रहण करना होगा। स्वदेशी उत्पादों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि, और उत्पादन लागत के साथ हमारे संस्कृति में जोडना होगा, स्वदेशी उत्पादों के प्रति चल रही हीन भावना से उबारने की भी जिम्मेदारी हमको उठानी होगी।कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्य समिति सदस्य और प्रखर वक्ता मिथलेश मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी का गठन जिन मूल्यों के लिए किया गया है उनमें यह परिकल्पना शामिल थी कि भारत एक वैभवशाली राष्ट्र बने और उसके लिए पहले देश को आत्म निर्भर बनाना पडेगा, जिससे हम अपने आवश्यकता की पूर्ति देश में उत्पन्न उत्पादों से करना होगा, इसके लिए हमें उत्पादन क्षमता बढाने के लिए कुटीर उद्योग, सूक्ष्म और लघु उद्योगों की स्थापना करने की जरूरत है वही देशी उत्पादों के लिए बाजार और जन मानस की जिम्मेदारी सरकार के साथ साथ भाजपा को उठानी होगी। भाजपा का हर कार्यकर्ताओं में इस बात की पूरी जानकारी होनी चाहिये,, साथ ही हर कार्यकर्ता समाज के बीच में जाकर इस बात की अलख जगाने का काम करेगा। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कार्यकर्ताओं को आगाह करते हुए बताया की हमें स्थानीय उत्पादों, स्थानीय बाजार की ओर आगे बढने की जरूरत है, आज आन लाइन कारोबार का जो प्रचलन चल रहा है, वह देश के विकास की दिशा में बाधक बन गया है। आज हमारे देश की मुद्रा विदेश चला जा रहा है। देश का मुनाफा आन लाइन कारोबारियों के हाथ में चला गया है, जिनका एक दफ्तर भी देश में नहीं है। देश के निर्माण, विकास और वैभवशाली बनाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें हम सब सहयोग कर इसे सफल बनाने में मील का पत्थर साबित होना है। कार्यक्रम का समापन मंडल अध्यक्ष श्री मती राधा तिवारी के उदबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने सबके प्रति आभार ज्ञापित किया। वही कुशल संचालन विमल अग्रवाल जी ने किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से पूर्व जिला महामंत्री राजेन्द्र तिवारी,, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री ज्ञानवती सिंह, नगर पालिका परिषद् की अध्यक्ष सुश्री शंकुतला प्रधान , मंडल महामंत्री लोक नाथ सिंह, घनश्याम साकेत भरत प्रजापति, अशोक उपाध्याय,ओंकार प्रसाद चतुर्वेदी अंबिका यादव, देवी सिंह, समय लाल साहू, संतोष सिंह वैश्य, श्रीधर राव, अनुपम वर्मा, संतोष यादव, सुरेश विश्वकर्मा, पूरन सिंह, किशन कोरी, राकेश पाण्डेय, प्रेम लता बर्मन, कामता विश्वकर्मा प्रेम गुप्ता, इत्यादि भाजपा के निष्ठा वान कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



## दीपावली पर आतिशबाजी दुकानों की अनुमति प्रक्रिया शुरू

**शहडोल।**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. केदार सिंह ने दीपावली पर्व के मद्देनजऱ जिले में आतिशबाजी दुकानों की अनुमति प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी उपमंडल मजिस्ट्रेट, एसडीओ (पुलिस), मुख्य नगरपालिका अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ और थाना प्रभारियों को आदेश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र में आतिशबाजी की अस्थायी दुकानों हेतु उपयुक्त स्थलों का चयन कर 18 अक्टूबर 2025 तक रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को भेजें। रिपोर्ट में यह उल्लेख आवश्यक होगा कि चयनित स्थल पर कितनी दुकानें लगाई जा सकती हैं।

कलेक्टर ने बताया कि आतिशबाजी विक्रय हेतु अस्थायी अनुज्ञप्ति के आवेदन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से 18 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे। आवेदकों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच थाना प्रभारी द्वारा की जाएगी। अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि विक्रय स्थलों पर अग्नि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध हों तथा दुकानें विस्फोटक नियम 2008 के अनुसार सुरक्षित दूरी पर लगाई जाएं। किसी दुकान से 50 मीटर के दायरे में आतिशबाजी का प्रदर्शन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। दुकानों में तेल या गैस लैम्प के उपयोग पर भी रोक रहेगी। प्रशासन ने निर्देश दिया है कि अनुमति स्थल के अलावा कहीं भी पटाखों की बिक्री पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### महात्मा गांधी और लाल बहादुर की शास्त्री की मनाई गई जयंती

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी**

सिलौंडी में जय स्तंभ में वरिष्ठ 93 वर्षीय रजनीकांत राय ,जय नारायण राय, शंकर लाल राय, सतेंद्र राय के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्रीजी की जयंती मनाई गई। उनके विचारों को याद किया गया इस दौरान अनिल राय, बबलू राय, राजनारायण राय, अन्नू राय, मनीष दहिया, शरद राय की उपस्थित रहे।

## गांधी व शास्त्री भारत के स्वाभिमान के है प्रतीक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सिर्फ आजादी ही नहीं दिलाई। उन्होंने समाज को सत्य और अहिंसा के संस्कार भी दिये। इसी तरह पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री भारत के स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उन्होंने सीख दी कि व्यक्ति का आचार, व्यवहार परिस्थितियों के अनुसार होना चाहिये। ये दोनों महापुरूष किसी देश के नहीं बल्कि समूची मानवता के आदर्श हैं, इसलिये कोई भी सभ्यता चाह कर भी उन्हें दरकिनार नहीं कर सकती। उक्ताशय के उद्गार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंडित प्रदीप त्रिपाठी ने गुरुवार को स्लीमनाबाद मैं महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इससे पूर्व कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया! इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी स्लीमनाबाद. के तत्वाधान में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जन्मजयंती मनाई गई व इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों को हार पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री आदित्य दुबे, अनुराग मिश्रा, मंडलम अध्यक्ष राकेश साहू,अरविंद अग्रहरि, आकेश जैन, गुल्लू भाईजान, मणिमोहन गुप्ता, प्रेम सिंह, गुल्ला यादव, गेंदलाल आदिवासी, श्यामलाल खरे, शेखर यादव सहित कांग्रेसी कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण दिवस पर किया गया जागरूक

**शहडोल।**

राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गांधी जी की जयंती पर 2 अक्टूबर को विश्व कुष्ठ दिवस का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश मिश्रा के निर्देशन में सीएमएचओ कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस.डी.कंवर, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. पुनीत श्रीवास्तव, जिला पैथोलॉजिस्ट डॉ. अंशुमन सोनारे तथा कुष्ठ विभाग से संजय सिंह, संजय सेन, राजेंद्र केवट एवं लखन प्रजापति उपस्थित रहे।

डॉ.पुनीत श्रीवास्तव ने बताया कि कुष्ठ मानव इतिहास की सबसे पुरानी बीमारी है, जिसका इतिहास लगभग 4000 वर्ष पुराना है, यह बीमारी माइको बैक्टीरिया लेप्री नमक रोगाणु की वजह से होती है, संपर्क में आने के बाद यह रोगाणु 5 से 6 माह से लेकर 20 वर्ष तक सुषुप्त अवस्था में रहने के बाद कुष्ठ रोग के लक्षण प्रदर्शित करता है। कुष्ठ रोग शरीर के त्वचा तथा तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है एवं समय पर जांच तथा उपचार नहीं कराने पर रोगी को विकलांगता भी हो सकती है। कुष्ठ के उपचार के लिए शासकीय संस्थाओं पर निशुल्क दवाई उपलब्ध है तथा अलग-अलग प्रकार के कुष्ठ के लिए 6 से 12 माह तक दवाइयां खाने की आवश्यकता होती है जिसके बाद यह रोग पूर्णतः ठीक हो जाता है।



जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ अंशुमन सोनारे ने बताया इस वर्ष प्राप्त निर्देशों के अनुसार कुष्ठ रोग के लिए स्क्रीनिंग का कार्य डिलीवरी प्वाइंट पर भी किया जाएगा जिसके अंतर्गत प्रसव हेतु डिलीवरी प्वाइंट पर आने वाली महिलाओं की कुष्ठ हेतु जांच का कार्य डिलीवरी प्वाइंट की स्क्रीनिंग नर्सिंग ऑफिसर, ए.एन.एम. द्वारा किया जाएगा इस प्रकार प्रतिवर्ष जिले में लगभग 22000 गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग का कार्य जिला अस्पताल तथा फील्ड में सिविल अस्पताल, सीएचसी एवं पीएचसी स्तर पर संचालित डिलीवरी केंद्र पर सुनिश्चित किया जाएगा। इस कार्य को सुनिश्चित करने के लिए समस्त डिलीवरी प्वाइंट पर कार्यरत कर्मचारी एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए जिला कुष्ठ अधिकारी द्वारा नियमित रूप से डिलीवरी प्वाइंट पर भ्रमण किया जाएगा एवं सडक़ स्तर पर मीटिंग आयोजित कर कार्य प्रगति लाने का कार्य किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### पथ संचलन पर मुस्लिम समुदाय ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

अनूपपुर। अनूपपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पथ संचलन का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। अनूपपुर शहर मे 4 अक्टूबर को शहर के मुख्य मार्गों पर निकले पथ संचलन में सैकड़ो स्वयंसेवक शामिल हुए। मुस्लिम समुदाय ने भी इस अवसर पर पर स्वयंसेवक का स्वागत किया। आदर्श मार्ग के पास अनूपपुर मुस्लिम समाज के लोग जमा हुए, उन्होंने पुष्प से भरी टोकरियों से स्वयंसेवकों पर फूल बरसाए। संघ के स्वयंसेवक गणवेश में दंड लेकर अनुशासित तरीके से आगे बढ़ते रहे और मुस्लिम समाज के लोग सदर मो लियाक़त अली के नेतृत्व उनका स्वागत किया। मुस्लिम समाज के सदर मो लियाक़त अली ने कहा कि आरएसएस के अनुशासित और शांतिप्रिय स्वयंसेवकों का स्वागत करना खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि आरएसएस एकता का प्रतीक है। इस सौहार्द को बनाए रखना जरूरी है। बैंड की धुन पर लयबद्ध तरीके से आगे बढ़ते पथ संचलन को देखने सड़कों के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस आयोजन ने अनूपपुर में सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश की।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ का सदस्यता अभियान जारी



अमरकंटक। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदोरिया एवं उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी के निर्देशानुसार शहडोल संभागीय अध्यक्ष अजीत मिश्रा जिला अध्यक्ष राजेश प्यासी के द्वारा पवित्र नगरी अमरकंटक में सदस्यता अभियान चलाया गया इस क्रम में आज अमरकंटक नगर के वरिष्ठ पत्रकार धनंजय तिवारी उमाशंकर पांडे संजय श्रीवास विपुल वर्मन तथा राजेंद्र प्रसाद मिश्रा ने आज अपना सदस्यता का नवीनीकरण कराया इसके साथ ही सोमू दुबे ने मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की विधिवत सदस्यता ली उन्हें जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर पांडे मुन्नू ने सदस्यता फॉर्म भरकर विधिवत सदस्यता दिलाई। अब पवित्र नगरी अमरकंटक में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के छह सदस्य हो गए हैं अब तक पांच सदस्य श्रमजीवी पत्रकार संघ के थे।

### बटुरा में फिर खुली मौत की खदानें, प्रशासन की आँखों पर पट्टी

अनूपपुर। अनूपपुर शहडोल जिले के सीमा पर अमलाई और चचाई थाना अंतर्गत बटुरा और बकही गांव में एक बार फिर वही खतरनाक खेल शुरू हो गया है। कोयले की काली कमाई के लिए जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। जिन अवैध खदानों को प्रशासन ने मौतों के बाद बंद करवाया था, वे अब फिर खुल गई हैं। फर्क बस इतना है कि अब यह सब कुछ खुलेआम, नेशनल हाइवे के किनारे हो रहा है। झुग्गियां डालकर दिन-रात खुदाई, ट्रैक्टरों और पिकअपों से कोयले की सप्लाई, और प्रशासन मूक दर्शक। यह दृश्य केवल अवैध खनन का नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की नाकामी और मिलीभगत का भी आईना है। आखिर बिना संरक्षण के इतने बड़े पैमाने पर खुदाई और परिवहन संभव कैसे है। कोई भी जिम्मेदार अधिकारी यह नहीं देख रहा कि मौत की वो खदानें फिर से सांसें निगलने को तैयार हैं। बटुरा की इन खदानों में पहले भी कई निर्दोष मजदूर अपनी जान गंवा चुके हैं। वे गरीब थे, मजबूर थे, पर उनकी मौतों ने भी शासन को नहीं झकझोरा। कुछ दिन का दिखावटी बंद, कुछ प्रेस नोट, और फिर वही पुराना धंधा चालू। यह न सिर्फ कानून का मखौल है।

विद्युत विभाग को नहीं थी जानकारी, अस्पताल तक नहीं पहुंच पाया संतोष

# इंटरनेट कनेक्शन जोड़ने बिजली खंभे में चढ़े युवक की करंट से मौत

**पुलिस व विद्युत विभाग ने किया संयुक्त निरीक्षण**

**पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का होगा खुलासा**

जिला मुख्यालय के सामतपुर तालाब के पास सुबह लगभग 11 बजे करंट लगने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह घटना शनिवार को तब हुई जब युवक जिला पंचायत कार्यालय अनूपपुर के खराब इंटरनेट कनेक्शन को सुधार रहा था। बिना सुरक्षा उपकरण व विद्युत विभाग की बिना अनुमति व जानकारी के युवक खंभे पर चढ़कर इंटरनेट केबल ठीक कर रहा था, तभी वह करंट की चपेट में आ गया जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने उसे तुरंत जिला चिकित्सालय अनूपपुर पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।





नगर के सामतपुर तालाब परिसर में शनिवार की सुबह इंटरनेट कनेक्शन को जोड़ने के लिए बिजली के खंबे में चढ़े 32 वर्षीय युवक की करंट लगने से जिला अस्पताल पहुंचने के पूर्व मौत की घटना पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। घटना के संबंध में मृतक के साथी सुनील चौरसिया ने बताया कि शनिवार की सुबह अपने साथी संतोष सेन पिता स्व. बृजलाल सेन 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 अमराडंडी, अमलाई, जिला शहडोल के साथ इंटरनेट कनेक्शन में गड़बड़ी होने की शिकायत पर कंपनी की ओर से अनूपपुर नगर के सामतपुर तालाब एवं मंदिर परिसर के मध्य स्थित बिजली खंभे में चढ़कर सुधार का कार्य कर रहा था तभी अचानक अंगुली में करंट लग जाने से संतोष सेन गिर गया। जिसे बेहोश स्थिति में उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाकर डॉक्टर से परीक्षण कराने दौरान ड्यूटी डॉक्टर ने पूर्व से मृत होना बताया। घटना की सूचना पर जिला अस्पताल पुलिस द्वारा परिजनों एवं अन्य की उपस्थिति में मृतक के शव का पंचनामा कर ड्यूटी डॉक्टर से पीएम की कार्रवाई कराते हुए, मृतक के शव का अंतिम संस्कार करने हेतु परिजनों को सौपा। जिस दौरान यह घटना हुई उस समय रिमझिम बारिश भी हो रही थी तथा जिस खंभे मे घटना हुई वह लोहे का एच बीम खंभा था।

### इस मौत का जिम्मेदार कौन

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत युवक का नाम संतोष सेन निवासी अमलाई है, जो इंटरनेट सेवा प्रदाता रेलटेल कंपनी का कर्मचारी था तथा इंटरनेट केबल मेंटिनेंस कार्य के लिए बिजली विभाग के खंभे पर चढ़कर उसको ठीक करने का काम कर रहा था। जिस दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से उसकी मृत्यु हो गई। रेलटेल कॉरपोरेशन कंपनी के स्थानीय संचालक से फोन के माध्यम से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि मृत युवक उन्हीं के कंपनी का कर्मचारी था तथा जिला पंचायत कार्यालय अनूपपुर का इंटरनेट कनेक्शन खराब होने के कारण उसको सुधारने बिजली विभाग के खंबे में चढ़ा था, तभी यह घटना घटित हुई है। स्थानीय संचालक के अनुसार रेलटेल कंपनी मृत युवक के परिवार को हर्जाने का भुगतान करेगी, लेकिन बात यहां पर सिर्फ हर्जाने की नहीं है, बल्कि एक इंसान के जीवन की है। क्या कंपनी द्वारा दिए गए हर्जाने से मृत युवक की कमी उसके परिवार में पूरी हो पाएगी। सवाल यह उठता है कि यदि मृत युवक बिजली के खंभों पर बिना किसी सुरक्षा उपकरण के चढ़कर काम कर रहा था, तो रेलटेल कंपनी द्वारा जरूरी सुरक्षा उपकरण अपने कर्मचारी को उपलब्ध क्यों नही कराई गई। क्या बिजली विभाग के खंभों पर चढ़ने के पहले संबंधित विभाग से किसी भी प्रकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है, आखिर इस मौत का जिम्मेदार कौन है। देखना होगा कि कोतवाली पुलिस इस मामले क्या कार्यवाही करती है।

### लापरवाही ने ली जान

विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 4 अक्टूबर को फ्यूज आफ कॉल के कर्मचारियों को दूरभाष पर सूचना मिली कि सामतपुर चौराहा के पास हनुमान मंदिर के पीछे एच बीम खंभे पर एक व्यक्ति पोल के नीचे गिरा है, जिसकी सूचना कनिष्ठ अभियंता को प्राप्त होते ही तुरंत फ्यूज आफ कॉल के लाइन कर्मचारी भारत राठौर एवं दुर्गेश तिवारी को संबंधित स्थल पर भेजा गया, जिनके द्वारा निरीक्षण कर बताया गया कि एक व्यक्ति बिना विभागीय जानकारी तथा अनुमति के विद्युत खंभे पर चढ़कर एलटी लाइन के नीचे केबिल कर्मचारी इंटरनेट कनेक्शन का कार्य कर रहे थे, जबकि उसी खंभे से 11 केव्ही जमुड़ी फीडर भी है एवं 11 केव्ही के नीचे एलटी लाइन से नगर पालिका का स्ट्रीट लाइट कनेक्शन तथा विद्युत उपभोक्ताओं के सर्विस लाइन जुड़े थे।

### पुलिस व विद्युत विभाग ने किया संयुक्त निरीक्षण

इस मामले मे विद्युत विभाग व पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुये मौका पंचनामा व जांच रिपोर्ट तैयार किया गया। हालांकि इस मामले मे प्रथम दृष्टया करंट से युवक की मौत प्रदर्शित हो रहा है, लेकिन पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामला स्पष्ट हो पायेगा कि संतोष सेन की मौत करंट से हुई है अथवा गिरने से गंभीर चोट मौत का कारण बना। इस घटना ने एक बार याद दिलाया कि फिर विद्युत लाइनों से उचित दूरी बनाये रखने तथा बरसात के दौरान विद्युत खंभों व लाइनों मे बिना जानकारी व विभागीय अनुमति के काम करना जोखिम भरा हो सकता है, इसलिए ऐसे समय मे विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

### इनका कहना है

पुलिस ने शव का पंचनामा कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**अरविंद जैन, थाना प्रभारी**
**कोतवाली अनूपपुर**

## केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में गाँधी और शास्त्री जयंती का आयोजन



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती ( अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस) एवं भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं शिक्षाप्रद सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करके हुआ। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्राचार्य ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए गांधी जी और शास्त्री जी के जीवनमूल्यों और विचारों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग को अपनाकर न केवल भारत को स्वतंत्रता दिलाई बल्कि पूरी दुनिया को यह सिखाया कि बिना हिंसा और घृणा के भी बड़े से बड़ा परिवर्तन संभव है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक जीवन में सन्मार्ग, ईमानदारी और सादगी को अपनाएँ। इसी क्रम में प्राचार्य ने लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शास्त्री जी सादगी, परिश्रम और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति थे। उनका प्रसिद्ध नारा "जय जवान, जय किसान" आज भी हमें देश की रक्षाशक्ति और अन्न उत्पादन के महत्व का स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी का जीवन यह संदेश देता है कि छोटी-सी पृष्ठभूमि से निकलकर भी व्यक्ति दृढ़ निश्चय और ईमानदार प्रयासों से देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हो सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आज के विद्यार्थियों को गांधी जी की सत्यनिष्ठा और शास्त्री जी की विनम्रता एवं सादगी से परिपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेकर अपने व्यक्तित्व का निर्माण करना चाहिए। यही गुण उन्हें न केवल एक अच्छा विद्यार्थी बल्कि एक सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बनने में भी मददगार साबित होंगे। प्राचार्य के प्रेरणादायक उद्बोधन के पश्चात विद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत प्राचार्य के नेतृत्व में शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य और छात्र-छात्राओं ने मिलकर प्रार्थना सभा मैदान, प्रवेश द्वार के समीप अवांछनीय घास, कक्षा-कक्षों, कार्यालयों, संगणक प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय की साफ-सफाई के कार्य को सफलतापूर्वक निष्पादित किया। पूरे परिसर में स्वच्छता का संदेश देते हुए विद्यार्थियों ने यह प्रण लिया कि वे विद्यालय ही नहीं बल्कि अपने घर और आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।

लगातार दूसरे दिन जारी रहा दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

# दो दिनों में 402 प्रतिमा हुई विसर्जित

**पहले दिन 292, दूसरे दिन 93 प्रतिमाएं, 13 का विसर्जन शनिवार को हुआ**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।





अनूपपुर जिले में शारदेय नवरात्रि के तिथि अनुसार अंतिम 10वें दिन गुरूवार को बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म तथा अहंकार पर निरहंकार का प्रतीक व रावण वध के साथ विजयदशमी का त्यौहार जिले में शांति एवं सौहार्द में सम्पन्न हुआ। इस दौरान आदिशक्ति माता दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन के साथ रावण के पुतलों का सामूहिक दहन किया गया। वहीं जिला प्रशासन व जनभागीदारी व्यवस्था से बनाये गये स्थायी कुंडों में दो दिनों में 402 में 389 प्रतिमाए विसर्जित हो गई हैं वहीं 13 प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को हुआ। जिले में गुरूवार को 29 स्थानों में रावण के पुतले का दहन किया गया।

नगर में लगातार दूसरे दिन दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। गुरूवार देर रात तक 292 प्रतिमाएं विसर्जित हुई वहीं दूसरे दिन शुक्रवार को भी दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। शारदीय नवरात्रि के नौ दिन भक्त मां के अलग-अलग रूपों की पूजा करते हैं। इस समय घर और पंडालों में माता रानी के स्वरूप की पूजा-अर्चना होती है और भक्तजन पूरे श्रद्धा के साथ व्रत और कीर्तन करके वातावरण को पवित्र बनाते हैं।

### मां आती है अपने मायके

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक मां अपने मायके आती हैं और नौ दिनों तक भक्तों के बीच रहकर उन्हें सुख,शांति और समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं। इस विदाई के समय में हर किसी की आंखें नम हो उठती हैं, मगर यह विदा अगले वर्ष के पुनः आगमन तक का वादा भी साथ लाती है।

### पुख्ता रही सुरक्षा व्यवस्था

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने शुक्रवार को बताया कि अनूपपुर जिला मुख्यालय सहित कोतमा, बिजुरी, राजनगर, पसान, जैतहरी, वेंकटनगर, चचाई, राजेन्द्रग्राम एवं अमरकंटक सहित ग्रमीण क्षेत्रों में छोटी-बड़ी प्रतिमाएं झांकी के साथ निकाली गई, जिसकी सुरक्षा में सुरक्षा बल तैनात रहें। जिला मुख्यालय अनूपपुर में सभी प्रतिमाओं को पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप बनाए गए अस्थायी कुंड में विसर्जित कराया। इस दौरान गुरूवार को अनूपपुर सहित जिले भर में 29 स्थानों में रावण के पुतलों का दहन किया गया वहीं जिले भर में 402 स्थानों में आदिशक्ति माता दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापन की गई थी जिसमें गुरूवार को 292 प्रतिमाओं का विसर्जन देर रात तक किया गया। बची 110 प्रतिमाओं में शुक्रवार को 93 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया जबकि 13 प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को किया गया।

### यहां इतनी मूर्तियों का हुआ विसर्जन

अनूपपुर थाना क्षेत्र में कुल 33 प्रतिमा विराजी गई जिसमें प्रथम दिवस 18 का विसर्जन किया गया शेष 15 प्रतिमाओं का विसर्जन दूसरे दिन किया गया। इसी प्रकार से थाना जैतहरी 27 प्रतिमा विराजी गई जिसमें प्रथम दिवस 18 विसर्जन किया गया शेष 9 का कल किया गया। थाना चचाई में 41 प्रतिमा विराजी गई दोनो दिनो में 34 का विसर्जन किया गया। वहीं 7 प्रतिमा का विसर्जन शनिवार को हुआ। थाना कोतमा में 26 आदिशक्ति माता दुर्गा की प्रतिमा विराजी गई दोनो दिनो में सभी का विसर्जन किया जा चुका हैं। थाना भालूमाडा 30 स्थानों में माता दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई जिसमें दो दिनों में 28 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया दो प्रतिमा का विसर्जन शनिवार को हुआ। थाना रामनगर में कुल कुल 33 प्रतिमा विराजी गई दो दिनो में सभी का विसर्जन किया गया। थाना बिजुरी में स्थानों में 39 माता दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई जिसमें दो दिनों 38 विसर्जन किया गया वहीं 1 प्रतिमा का विसर्जन आगामी दिन हुआ। थाना राजेंद्रग्राम में 28 स्थान में दुर्गा प्रतिमा का नवरात्रि में पूजन किया गया जहां सभी प्रतिमाओं का विसर्जन दो दिनों में किया गया है। थाना अमरकंटक में 23 माता की प्रतिमाओं में दो दिनों में सभी का विसर्जन किया जा चुका है। थाना करनपठार 30 प्रतिमा विराजी गई जिसमें 29 का विसर्जन दो दिनों में किया गया वही एक प्रतिमा का विसर्जन शनिवार को हुआ, सरई चौकी में 16 प्रतिमा का पूजन के बाद विसर्जित किया गया। चौकी फुनगा में 37 में 35 प्रतिमा का विसर्जन दो दिनों में किया गया, दो प्रतिमा का विसर्जन शनिवार को हुआ। चौकी देवहरा में 28 प्रतिमा विराजी गई दो दिनों में सभी प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा पूर्वक किया गया एवं चौकी वेंकटनगर में 11 प्रतिमा विराजी गई दो दिनों में सभी प्रतिमाएं विसर्जित कर दी गई है।

### पूरे समय सजग रहे प्रहरी

जिले में नवरात्रि पर्व सभी श्रद्धालु आनंद उल्लास से सुरक्षित वातावरण में मना सकें इसके लिये भीड़-भाड़ वाले सभी स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं वन विभाग अनूपपुर तथा एसआईएस सुरक्षा एजेंसी द्वारा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु जिले को अतिरिक्त बल व जिला इकाई अनूपपुर के बल सहित कुल 584 का बल जिसमें जिले का बल लगभग 459 बल को लगाया गया हैं। जिसमें 06वीं वाहिनी जबलपुर से प्राप्त सहायक सेनानी 01,35 वीं वाहिनी मंडला के 20 सशस्त्र बल, पुलिस प्रशिक्षण संस्थान उमरिया से के 07 स्टाफ एवं 25 नव आरक्षक,वन विभाग अनूपपुर के 20 वन आरक्षक, एसआईएस सुरक्षा ऐंजेसी अनूपपुर के 33 ,होमगार्ड कार्यालय अनूपपुर के 16 तैराक एवं विसबल कंपनी चचाई अनूपपुर से 01 प्लाटून कमांडर व 02 आरक्षक को लगाया गया हैं। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान एवं अति.पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम स्वयं कई स्थानों में पहुंच कर आकस्मिक निरिक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

## अनूपपुर में मनाया गया गांधी जयंती, विश्व अहिंसा दिवस




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर अनूपपुर शहर के सर्वोदय वरिष्ठ कार्यकर्ता अनंत जोहरी, प्रगतिशील लेखक संघ के गिरीश पटेल, एडवोकेट वासु चटर्जी, रजन राठौर, हीरालाल राठौर सभी ने महात्मा गांधी के एकादश व्रत के ऊपर एवं आजादी को लेकर बात कही केवल इतना ही नहीं देश के महान पुरुष लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं देश के प्रति लाल बहादुर शास्त्री जी ने जो किया उस पर भी प्रकाश डाला गया। गिरीश पटेल ने अपने उद्बोधन में देश अंग्रेजों के द्वारा लंबी गुलामी के बाद सन 1947 में भारत आजाद हुआ लेकिन आज जब देखते हैं तो आजाद भारत में आज जिस तरह से हमारे देश की सरकारों की हालत है लोकतंत्र में अपने अधिकार की लड़ाई नहीं लड़ सकते अपनी बात कहने की स्वतंत्रता नहीं है और ज्यादा गुलामी महसूस कर रहे हैं आजाद देश के गुलाम नागरिक के रूप में रह रहे हैं। श्री जौहरी ने कहा देश की स्थिति बहुत विकराल है आजाद देश में जिस तरह से अन्याय, अत्याचार, शोषण, भ्रष्टाचार फैल रहा है और अगर शांति के सिपाही सड़क पर निकल कर सही को सही कहना चाह रहे हैं उसकी आजादी उन्हें नहीं है एवं अन्य वक्ताओं में भी अपनी बात कही। जिनकी उपस्थिति रही उनमें साहिल, धनंजय, राहुल, प्रज्ञा, और अन्य साथी उपस्थित रहे। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन श्रेया शर्मा ने की वहीं आभार सृष्टि ने किया।

## पूर्व नपाध्यक्ष के 78वें जन्मदिवस पर बांटे गये फल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम कुमार त्रिपाठी का 78वें जन्म दिवस पर काफी लोगों ने उनके निवास स्थल पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिवस की बधाई शुभकामनाओं के साथ दशहरा की भी बधाई दी। इस अवसर पर उनके पुत्र आशीष त्रिपाठी एवं उनके मित्र मंडली ने गरीब एवं जरूरतमंद बस्तियों में जाकर फल-फ्रूट का वितरण किया। पूर्व नपाध्यक्ष प्रेम कुमार त्रिपाठी के 78वें जन्मदिवस पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, कांग्रेस के पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी लखन लाल अग्रवाल,केशरवानी समाज के वरिष्ठ फूलचंद गुप्ता, ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध सुशीलकांत मिश्रा (मुनिराज), कृष्णकांत तिवारी, बबलू केशरवानी के साथ ही चैतन्य मिश्रा एवं काफी लोग उपस्थित हुए एवं उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाओं के साथ उनके स्वस्थ जीवन के लिए मंगल कामना की।